तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 3 मार्च 2025

12 वैज्ञानिक जागरूकता के साथ पढ़ाई करें किसी भी...



12 आंगनबाड़ी केंद्रों में टीएचआर वितरण में...





## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद को लेकर भाई से मारपीट

**महासमुंद।** जमीन विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने अपने भाई के साथ मारपीट कर दी। कोतवाली पुलिस को होरीलाल निवासी कांपा ने बताया कि 28 फरवरी वह सुबह काम के लिए बिरकोनी पाइप फैक्ट्री गया था, रात करीबन 8.30 बजे उसके भाई बलदाऊ साहू ने फोन नतनिन का जन्मदिन मानने के लिए बुलाया। प्रार्थी जब रात 9.30 बजे बलदाऊ साहू के घर पहुंचा तो वहां जन्मदिन का कार्यक्रम चल रहा था। इसी दौरान बलदाऊ जमीन विवाद की पुरानी बात को लेकर गाली गलौच करने लगा, जब उसे मना किया तो बलदाऊ साहू और दोनों बेटे गौरव व सौरभ साहू के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने लगे। कुछ देर बाद वहां आए प्रार्थी के लड़के पोषण साहू के साथ भी तीनों आरोपियों ने मारपीट की। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**महासमुंद।** ग्राम अछोली स्थित महामाया मंदिर के पास 28 फरवरी की दोपहर पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। तुमगांव पुलिस ने बताया कि तुमगांव का महावीर निषाद और अछोला का अरूण धीवर मोटर सायकल सीडी डिलक्स क्रं0 सीजी 05 सी 8276 से ग्राम समोदा गए थे, समोदा से वापस आते समय ग्राम अछोला महामाया मंदिर के प्रवेश द्वार के सामने दोपहर करीबन 1.30 बजे सामने से आ रही अज्ञात सफेद बोलेरो पिकअप के चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर साइकिल को सामने को ठोकर मारकर एक्टसीडेंट कर दिया। जिससे दोनों घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### युवक से मारपीट कर जबड़ा तोड़ा

**महासमुंद।** जोरातराई में एक शादी में मायन नाचने के लिए गए एक युवक से मारपीट की घटना हुई है। खल्लारी पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि 25 फरवरी को मोहन निर्मलकर के यहां शादी में मायन नाचने के लिये कोमल यादव एवं उसके दोस्त योगेश धृतलहरे, संदीप सोनवानी गए थे। इसी दौरान वहां पर देवेंद्र निर्मलकर निवासी जोरातराई शराब के सेवन कर नशे में आकर कोमल के साथ गाली गलौच करने लगा। कुछ देर बाद आरोपी अपने छोटे भाई दौलत निर्मलकर को लेकर आया। मारपीट करने लगे। मारपीट करने से कोमल का जबड़ा चार जगह से टूट गया। रिपोर्ट पर खल्लारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# रेलवे स्टेशन निर्माण कार्य बना यात्रियों के लिए परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। डेढ़ साल बाद भी कार्य आधा भी नहीं हुआ है। प्रतिदिन लोगों को ट्रेन में चढ़ने व उतरने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। जून 2025 में कार्य को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल कार्यक्रम में 6 अगस्त 2023 को अमृत भारत स्टेशन योजना लांच की थी। जिसके तहत स्थानीय विरासत के तहत स्टेशन के भवनों का पुनर्विकास करना था और हाइटेक सुविधाएं उपलब्ध करानी थी। डेढ़ साल बाद भी प्लेटफार्म नंबर एक पर कार्य जारी है। अभी भी प्लेटफार्म एक की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य पूरा नहीं हुआ है। रेलवे स्टेशन सामने से कैसा दिखेगा, इसकी झलक अब थोड़ी दिखने लगी है, लेकिन रेलवे स्टेशन पर शेड आदि बनाने का कार्य भी जारी है। कार्य धीमी गति से चल रहा है। इससे यात्रियों को भी एक साल से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर प्लेटफार्म एक पर ट्रेन के आने पर यात्रियों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। निर्माण कार्य के चलते प्लेटफार्म मार्ग भी संकरा हो गया है।

रेलवे के अधिकारी रमेश बाबू ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जो कार्य चल रहे हैं, उसे पूरा करने का लक्ष्य जून 2025 है। जब तक निर्माण कार्य चलेगा, लोगों को थोड़ी समस्याएं होंगी। रोड ओवरब्रिज भी बनना है।

## अमृत भारत योजना के तहत किया जा रहा रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण

### रेलवे स्टेशन को स्मार्ट बनाने काम जारी

स्मार्ट सिटी की तरह ही रेलवे स्टेशनों को भी स्मार्ट बनाने के लिए निर्माण कार्य जारी है। वाईफाई, फूड जोन, एक्सीलरेटर, स्थानीय स्तर के उत्पाद को प्राथमिकता और वास्तुकला और स्थानीय पर्यटन खासकर सिरपुर की तर्ज पर रेलवे स्टेशन को विकसित किया जाना है।



### बदलेगा प्रवेश द्वार

वर्तमान रेलवे स्टेशन का प्रवेश द्वार निर्माण पूरा होने के बाद बदल जाएगा। वर्तमान इंट्री की जगह पार्किंग बनाया जाएगा। पार्किंग स्थल भी बदल जाएगा। लोग जिस जगह से इंट्री करेंगे। बाहर अन्य मार्ग से निकलेंगे। ऐसी व्यवस्था की जाएगी।

### रोड ओवरब्रिज का पता नही

फरवरी 2024 में ही प्रधानमंत्री ने रोड ओवरब्रिज का भूमिपूजन किया था। रोड ओवरब्रिज का भी अता-पता नहीं है। पिछले दिनों शहर के लोगों ने भी जीएम को रोड ओवरब्रिज नहीं बनाने के लिए ज्ञापन सौंपा था। एक साल बाद भी रोड ओवरब्रिज पर कोई कार्य नहीं हुआ है। तुमगांव रोड स्थित रेलवे फाटक के पास रोड ओवरब्रिज बनना प्रस्तावित है, लेकिन भूमिपूजन के एक साल बाद भी नींव तक नहीं बना पाए हैं। बताया जा रहा है कि रोड ओवरब्रिज बनने के बाद रेलवे फाटक को बंद कर दिया जाएगा। इधर इसका विरोध भी हो रहा है।

### कर वसूली : पालिका अब तक वसूल पाई है सिर्फ 40 फीसदी टैक्स

# टैक्स वसूली में पिछड़ी नगर पालिका सबसे ज्यादा जल कर है बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- बकायादारों को नोटिस जारी करने के साथ भुगतान की अपील

वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है और इस वर्ष की बकाया कर वसूली में पालिका को केवल 40 फीसदी ही सफलता मिल पाई है। बता दें कि नगर पालिका पर बकाया टैक्स का बोझ बढ़ता जा रहा है। टैक्स वसूलने पालिका द्वारा बकाएदारों को नोटिस जारी किए जाने के साथ भुगतान की अपील भी की जा रही है।

पालिका सूत्रों की मानें तो शहर में पालिका के विभिन्न मदों में कुल 317.87 लाख रुपए टैक्स बकाया है। अब तक 129.20 लाख रुपए (40.65 प्रतिशत) वसूली हुई है। नगरीय निकाय चुनाव होने के कारण कर्मचारी विभिन्न कार्यों में व्यस्त होने से कर वसूली नहीं हो पाई थी। एक बार फिर से टीम अब घर-घर दस्तक दे सकती है। लोगों से टैक्स शीघ्र भुगतान करने के लिए कहा जाएगा। बता दें कि प्रतिवर्ष पालिका कर वसूली में पिछड़ रही है। इस कारण नगरपालिका के विकास कार्य भी अटके हुए हैं और कर्मचारियों को नियमित रूप से वेतन भी नहीं मिल पाता। ज्यादातर बड़े बकायादार कर भुगतान में रुचि नहीं दिखाते हैं। नगर पालिका के कर्मचारी भी सरकारी विभिन्न कार्यों में व्यस्त रहने से वसूली नहीं कर पाते हैं।

नगर पालिका के राजस्व प्रभारी दिलीप चंद्राकर ने बताया कि शीघ्र ही उपभोक्ताओं को नोटिस दिया जाएगा। घर-घर लोगों से संपर्क कर टैक्स भुगतान की अपील की जाएगी। आगामी दिनों में टैक्स वसूली के लिए अभियान चलाया जाएगा।




### हर साल बढ़ रहा टैक्स का बोझ

मिली जानकारी के अनुसार पूर्व वर्षों का भी बकाया बढ़ता जा रहा है। पूर्व वर्षों का बकाया 32.16 लाख है। 9.77 लाख वसूली (30.38 प्रतिशत) हुई है। समेकित कर 57.59 कुल बकाया है। इसमें 11.14 लाख (19.34 प्रतिशत) वसूली हुई है। इसी तरह जलकर का कुल बकाया 267.98 लाख बकाया है। 21.96 लाख (8.19 प्रतिशत) वसूली हुई है। पूर्व वर्षों का कुल बकाया 433.73 प्रतिशत है। वसूली 43.50 लाख (10.03 प्रतिशत) वसूली हुई है।

### चालू व पूर्व वर्षों का कुल बकाया

चालू और पूर्व वर्षों का कुल बकाया 751.60 लाख रुपए है। अब तक 172.70 लाख (22.98 प्रतिशत) ही वसूली हुई है। सबसे ज्यादा बकाया जलकर का ही है। 400.53 लाख बकाया है। 52.56 लाख (13.12 प्रतिशत) वसूली हुई है। संपति कर का बकाया 112.95 लाख और 24 लाख (21.60 प्रतिशत) वसूली हुई है। समेकित कर का बकाया 112.23 लाख है। 19.74 लाख (17.43 प्रतिशत) वसूली हुई है। दुकानों का किराया का कुल बकाया 17.35 लाख है।

**संपति कर**

- कुल बकाया 80.79 लाख रुपए है। जिसकी वसूली 14.63 लाख रुपए (18 प्रतिशत) हुई है।

**समेकित कर**

- कुल बकाया 55.64 लाख रुपए है। वसूली 8.60 लाख (8.60 प्रतिशत) हुई है।

**जल कर**

- कुल 132.55 लाख रुपए बकाया है और 30.60 लाख (23.09 प्रतिशत) वसूली हुई है। दुकानों का किराया कुल बकाया 12.91 लाख है। 1.94 वसूली (15.63 प्रतिशत) हुई है।

# लाइनमैन के साथ गया ड्राइवर पोल पर चढ़ा, करंट लगने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत उलबा में बिजली पोल के तार में करंट की चपेट में आने से एक युवक बुरी तरह से झुलस गया। जहां इलाज के दौरान 6 दिन बाद युवक की रायपुर के एक अस्पताल में मौत हो गई। घटना बीते 25 फरवरी की सुबह करीब 11.30 की बताई जा रही है। यह भी जानकारी मिली है कि युवक विभाग में ड्राइवरी का काम करता था लेकिन, उसे बिजली पोल में फॉल्ट ठीक करने चढ़ा दिया गया। इस लापरवाही का खामियाजा युवक को अपनी जान से हाथ धोकर चुकाना पड़ा है। मृतक भागीरथी साहू पिता टेकराम साहू (25) ग्राम कोलपदर का निवासी था। ग्राम कोलपदर में बीते कई दिनों लो वोल्टेज की समस्या के कारण ग्रामीण परेशान है। बीते 25 फरवरी को सुबह 11 बजे मृतक साथी लाइनमैन के साथ गांव से 1 किमी दूर ग्राम उलबा गया हुआ था। खेत से गुजरी 11 केवी की बिजली चालू थी। जिस बिजली पोल में फाल्ट था। इस दौरान साथी लाईनमैन मोबाइल में बात करने लगा और युवक सीधे पोल में चढ़ गया। जहां बिजली तार को पकड़ते ही करंट के झटके से नीचे गिर गया। इससे युवक का हाथ व गंभीर रुप से झुलस गया था। अज्ञानता वश और युवक उस पोल में चढ़ गया जिसमें लाईन चालू थी। उसकी बजाय युवक दूसरे पोल में चढ़ गया और उसकी बिजली लाइन चालू थी। आनन-फानन में ग्रामीणों की मदद से उसे उपचार के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद डीकेएस अस्पताल रायपुर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान युवक की शनिवार को सुबह करीब 5 बजे मौत हो गई। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।



### भागी की मौत पर गैर इरादतन हत्या का अपराध दर्ज होः अंकित



अंकित ने बताया कि ग्रामीणों से चर्चा के दौरान यह बात सामने आई है कि युवक भागी बिजली विभाग में ड्राइवरी करता था। ऐसे में चालू लाइन में उसे चढ़वाया जाना और उसकी 5 दिन बाद मृत्यु होने के जिम्मेदार अधिकारियों पर जांच कर तत्काल गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए। अंकित कहा है कि पूरा परिवार सदमे में है। अंकित ने मृतक के लिए समुचित मुआवजे तथा परिवार के एक व्यक्ति के लिए हेतु डेली वेजेस पर रखे जाने की मांग की है।

### तीन गांजा तस्कर गिरफ्तार

**महासमुंद।** कार में गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे तीन आरोपियों को सिंघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से साढ़े पांच किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि तीन लोगों द्वारा कार में गांजा लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आने की सूचना मिली थी। इसके बाद एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल मे जाकर नाकाबंदी किया गया। कुछ समय बाद एक सफेद कलर का मारूति सुजुकी डिजायर कार क्रमांक एमपी 07 सीजी 1812 वहां आई जिसमें तीन व्यक्ति सवार थे और वे पुलिस को देखकर अपने गाड़ी को तेज गति से चलाकर भागने लगे। जिन्हें स्टाफ द्वारा दौड़ाकर पकड़ा गया भागने का कारण पूछने पर संदेहियों ने गाड़ी में गांजा होना और उसे फुलबानी ओडिशा से ग्वालियर (म.प्र.) ले जाना बताया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम रिंकू राणा पिता बच्चू राणा (41 साल) मोरार थाना बिजौली जिला ग्वालियर (म.प्र.), आशीष शर्मा पिता ब्रम्हदत्त शर्मा (उम्र 47 साल) नया बाजार टापू मोहल्ला थाना कंपू जिला ग्वालियर (म.प्र), पाबीनी दिगल पिता विभीषण दिगल (47 साल) पौकारी थाना राछापडा जिला फुलबानी (ओडिशा) का निवासी होना बताया। पुलिस ने कार की तलाशी दौरान डिक्की मे छुपाकर रखा 5.500 किलोग्राम गांजा कीमत 82500 रुपए, कार, कीमत 5, 00, 000, मोबाइल कुल कीमत 612500 रुपए को जब्त किया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ सिघोंड़ा थाना में धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया।

# पिकअप की टक्कर से कार खेत में उतरी, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पुरी जा रहे युवकों की कार को बोलेरो ने टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे कार खेत में जा गिरी और उसमें सवार चार लोगों को चोटें आई हैं।

बसना पुलिस ने बताया कि पिरदा निवासी मनीष नायक पिता जगदीश नायक (27 साल) अपनी कार क्रमांक सीजी 10 एयू 7770 से अपने साथी दिनेश सागर, प्रहल्लाद पटेल अजय नायक, हेमसागर पटेल एवं मोहन पटेल के साथ पिरदा से पुरी जाने के लिए निकले थे। तरेकेला और बिजराभांठा के मध्य मेन रोड में पहुंचने पर सामने से आ रहे बोलेरो पिकअप वाहन क्र सीजी06 जीयू 9614 के चालक अपने वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक लहराते हुए चलाकर कार को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे कार खेत में उतर गई। इस दुर्घटना में प्रार्थी मनीष नायक के नाक में, दाहिने आंख के पास, कान माथे में एवं कार में बैठे प्रहल्लाद पटेल को सिर में, हेमसागर पटेल को सीने में एवं मोहन पटेल के सिर में चोट लगी है और कार भी क्षतिग्रस्त हो गया है। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# हितेश ने की निर्वाचन में त्रुटि सुधारने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 4 के उम्मीदवार रहे हितेश चंद्राकर ने नियम अनुसार कार्रवाई कर आदेश जारी करने की मांग जिला निर्वाचन अधिकारी से की है।

जिला पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 04 के विधिमान्य मतों की त्रुटिपूर्ण गणितीय त्रुटियों/भुर्तों को सुधारकर संशोधित कर निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 04 का परिणाम पुनः संशोधित रूप से घोषित कर आवेदक/ अभ्यर्थी को निर्वाचित घोषित किये जाने एवं अन्य विधि एवं नियम अनुरूप कार्रवाई किए जाने का आदेश जारी करने की मांग जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 04 के अभ्यर्थी रहे हितेश चंद्राकर ने जिला निर्वाचन अधिकारी से की है। आवेदक ने पत्र में कहा है कि उपरोक्त निर्वाचन में कुल 10 अभ्यर्थी रहे है जिसमें प्रारूप 19 नियम 77 (2) एवं 80(8) के अनुसार मतदान केंद्र क्रमांक 187 में आवेदक हितेश चंद्राकर (प्रत्याशी क्रमांक 03) को 167 मत, खेलावन साहू (प्रत्याशी क्रमांक 05) को 49 एवं नैन पटेल (प्रत्याशी क्रमांक-07) को उसी मतदान केंद्र क्रमांक 187 में 160 मत प्राप्त होना दर्शाया गया है जबकि परिशिष्ट 28 की गणना पर्ची में जो कि मतदान केंद्र क्रमांक 187 के प्राधिकृत अधिकारी/सहायक रिटर्निंग आफिसर वरा प्रदान की गयी है उसके अनुसार उसी मतदान केंद्र क्रमांक 187 में प्रत्याशी नैन पटेल को वस्तुतः 110 मत मात्र ही, हितेश चंद्राकर को 167, खिलावन साहू को 99 एवं थलेश चंद्राकर को 06 मत प्राप्त होना दर्शाया गया है। इस प्रकार स्पष्ट है कि जिला पंचायत महासमुन्द के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 04 की टेबुलेशन में दोषपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण रूप से भुल/त्रुटि की गयी है जिससे जिला पंचायत महासमुन्द के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 04 का परिणाम गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। स्पष्ट है कि जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 04 लिपिकीय/गणितीय त्रुटि की जाकर दोषपूर्ण रूप से नैन पटेल नामक प्रत्याशी को विजयी होना घोषित किया गया है अर्थात प्रारूप 23 [नियम 81 (1)] के अंतर्गत नैन पटेल को सम्यक रूप से निर्वाचित घोषित किया गया है। स्पष्ट है कि जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 04 से वास्तव में नैन पटेल नहीं बल्कि उन्हें हितेश चंद्राकर (आवेदक) विधिपूर्ण रूप से निर्वाचित घोषित होना चाहिए था। समस्त प्रारूप 19 [ नियम 77 (2) एवं 80 (8)], प्रारूप 23 [नियम 81 (1)] एवं गणना पर्ची की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि आवेदन के साथ मूलतः संलग्न किया गया है।

### उच्च दाब उपकेंद्र सुनसुनिया में नया 33 केवी फीडर का लोड बाईफरकेशन का कार्य जारी

# कोल्दा उपकेंद्र में पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता में हुई वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- कोमाखान, मुनगासेर एवं कोल्दा क्षेत्र के किसानों को मिलेगा लाभ

विगत दिनों बागबाहरा ब्लॉक के दूरस्थ अंचल के किसानों द्वारा लो वोल्टेज की शिकायत प्राप्त हुई थी। इस संबंध में स्थानीय अधिकारियों को लो वोल्टेज की समस्या को शीघ्र दूर करने हेतु ज्ञापन सौपा गया था। किसानों से बातचीत के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारी ने बताया कि अति उच्च दाब उपकेंद्र राजिम को 132 केवी से 220 केवी में उन्नत किया गया है एवं इसकी आपूर्ति 220 केवी परसवानी से अलग कर 400 केवी कुरूद उपकेंद्र से जोड़ने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है उक्त कार्य पूर्ण होने पर लगभग 100 मेगावाट भार परसवानी उपकेंद्र में कम होगा जिससे वोल्टेज में बढ़ोतरी होगी। यह कार्य दिनांक 25 फरवरी 2025 को पूर्ण कर लिया गया है। उक्त तिथि से आज तक विभाग को लो वोल्टेज की शिकायत प्राप्त नहीं हुई है एवं किसानों से भी वोल्टेज बढ़ने की खबरें प्राप्त हो रही है।



कोल्दा उपकेंद्र में पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता 3.15 एमवीए से 5 एमवीए में वृद्धि की गई है। जिससे उस क्षेत्र के किसानों को इसका लाभ मिल रहा है। उच्च दाब उपकेंद्र सुनसुनिया में एक नया 33 केवी फीडर का लोड बाईफरकेशन का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। मार्च 2025 माह के प्रथम सप्ताह के अंत तक यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा इस कार्य से कोमाखान मुनगासेर एवं कोल्दा क्षेत्र के किसानों को इसका लाभ प्राप्त होगा। विद्युत विभाग किसानों की विद्युत संबंधी शिकायतों को दूर करने हेतु सतत प्रयासरत है। वर्तमान में महासमुंद संभाग में लो वोल्टेज की समस्या नही है। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दें। यह जानकारी कार्यपालन अभियंता पी आर वर्मा ने दी। बताया गया कि उपभोक्ता विद्युत कार्यालय में लिखित एवं टोल फ्री नंबर 1912 में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### देशी प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** शहर के दलदली मार्ग स्थित काली मंदिर के पास पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से देशी प्लेन शराब जब्त किया। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद आरोपी यशवंत विश्वकर्मा पिता घना राम विश्वकर्मा (20 वर्ष) वार्ड नं 11 दलदली रोड काली मंदिर के पास महासमुंद के कब्जे से 35 नग पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 3150 रुपए को जब्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969


ग्राम पंचायत-परकोम
विकासखंड-बागबाहरा (जिला महासमुंद)
शपथ ग्रहण समारोह
सरपंच व पंचगण के शपथ ग्रहण
समारोह में पधार रहे समस्त अतिथियों एवं
ग्रामीणों का स्वागत..वंदन..अभिनंदन..
कार्यक्रम-दिनांक 3 मार्च 2025 दिन-सोमवार
समय-11 बजे, स्थान-पंचायत भवन परिसर
श्रीमती प्रभा पटेल
सरपंच, ग्राम पंचायत परकोम
श्री परमेश्वर पटेल
सरपंच प्रतिनिधि व पंच
श्रीमती नीलम ठाकुर
पंच
श्रीमती मोतिन बाई मांझी
पंच
श्रीमती गणेशी बाई ठाकुर
पंच
श्रीमती पदमा साहू
पंच
श्रीमती रेखा मन्नाड़े
पंच
श्रीमती सुहागा पटेल
पंच
श्री मन्नु पटेल
पंच
श्रीमती वेदमति पटेल
पंच
श्रीमती परमीला पटेल
पंच
श्री खिलावन यादव
पंच
-विनीत-
समस्त ग्रामवासी
परकोम


ग्राम पंचायत-राटापाली
आश्रित ग्राम झलमला, बहेराभाठा
शपथ ग्रहण समारोह
सरपंच व पंचगण के शपथ ग्रहण
समारोह में पधार रहे समस्त अतिथियों एवं
ग्रामीणों का स्वागत..वंदन..अभिनंदन..
कार्यक्रम- दिनांक 3 मार्च 2025 दिन-सोमवार
समय-11 बजे, स्थान-पंचायत भवन परिसर
श्रीमती केवरा बाई पटेल
पंच
श्रीमती एकता पटेल
पंच
श्रीमती दीपिका पटेल
पंच
श्रीमती मानबाई ठाकुर
पंच
श्रीमती मोतिन निषाद
पंच
नर्मदा दीवान
पंच
श्री पुरनलाल ध्रुव
पंच
श्री पवन कुमार निषाद
पंच
श्री रेशमलाल साहू
पंच
श्री सोमनाथ यादव
पंच
-विनीत-
ग्राम पंचायत
राटापाली


ग्राम पंचायत-नर्रा
विकासखंड-बागबाहरा
जिला-महासमुंद
शपथ ग्रहण समारोह
सरपंच व पंचगण के शपथ ग्रहण समारोह में पधार रहे समस्त अतिथियों एवं ग्रामीणों का स्वागत..वंदन..अभिनंदन..
कार्यक्रम- दिनांक-3 मार्च 2025
दिन-सोमवार, समय-11.00 बजे
श्रीमती नामेश्वरी दीवान
सरपंच, ग्राम पंचायत नर्रा
-पंचगण-
श्रीमती भारती साहू
श्री नुरेंद्र साहू
श्रीमती अनिता निषाद
श्रीमती चम्पेश्वरी निषाद
श्रीमती सत्यभामा यादव
श्री मनोज पटेल
श्री शिवकुमार पटेल
श्रीमती सोहद्रा पटेल
श्रीमती जगीता दीवान
श्री दयासिंह दीवान
श्री सेतराम ढीढी
श्रीमती बदूरा बाई सागर
श्री लोकनाथ पटेल
श्री गैंदूराम निषाद
श्रीमती कल्याणी बेलदार
श्रीमती उर्मिला पटेल
श्रीमती भारती साहू
श्रीमती गीतांजली बेलदार
श्री झनकराम पटेल
श्री संतोष पटेल
विनीत : ग्राम पंचायत नर्रा, विकासखंड-बागबाहरा


ग्राम पंचायत-खट्टी
विकासखंड-बागबाहरा
शपथ ग्रहण समारोह
सरपंच व पंचगण के शपथ ग्रहण समारोह में पधार रहे समस्त अतिथियों एवं ग्रामीणों का स्वागत..वंदन..अभिनंदन..
कार्यक्रम- दिनांक-3 मार्च 2025
दिन-सोमवार, समय-11.00 बजे
श्री यादराम सिन्हा
सरपंच प्रतिनिधि
श्रीमती खिलेश्वरी सिन्हा
सरपंच, ग्राम पंचायत खट्टी
श्री रोशन तारक
पंच
श्री नेमीचंद साहू
पंच
श्री अघनसिंह सोम
पंच
श्रीमती हीरा बाई सिन्हा
पंच
श्री बिजेन कुमार साहू
पंच
श्रीमती यमुना बाई पटेल
पंच
श्रीमती नीलकुमारी नियाल
पंच
श्रीमती मनीषा बाई ठाकुर
पंच
श्रीमती खेमीन बाई पटेल
पंच
श्रीमती खेदिया बाई कुर्रे
पंच
श्रीमती पूर्णिमा बाई ढीढी
पंच
श्रीमती कुसुम सेन
पंच
श्रीमती सोहद्रा टंडन
पंच
-विनीत-
समस्त ग्रामवासी
ग्राम पंचायत
खट्टी

## खबर संक्षेप

### दुर्घटना में 3 छात्र घायल

**महासमुंद।** भंवरपुर स्थित एक निजी विद्यालय के तीन छात्र सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। तीनों छात्रों को अस्पताल भेजा गया है जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार बसना ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भंवरपुर में एक निजी शिक्षण संस्थान में कक्षा 8 वीं में अध्ययनरत तीन विद्यार्थी ग्राम सलखण्ड निवासी अनुराग साहू, सोम साहू व ग्राम उड़ेला निवासी हर्ष जगत प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीएम 4209 पर सवार होकर भंवरपुर से तीन किलोमीटर दूर स्थित ग्राम उमरिया के शासकीय विद्यालय जा रहे थे। उमरिया गाँव की सीमा पर बाजार के पास ठूंठापाली चौक पर स्कूटी अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। तीनों को अस्पताल भेजा गया। जिनमें दो बच्चों की हालत गंभीर बताई गई है।

## निधन

### डोमार पटेल



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी भाठापारा निवासी डोमार पटेल 56 वर्ष का देहांत 1 मार्च शनिवार को हुआ। जिसका अंतिम संस्कार दोपहर 2 बजे स्थानी मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित समाजिक जन शामिल हुए। वे दुजबाई पटेल के पति व ओमप्रकाश पटेल, मोरध्वज पटेल, प्रहलाद पटेल के पिता थे।

### उरकुली बिशी

**सरायपाली।** सिंघोडा निवासी श्रीमती उरकुली बिशी पति स्व. कृष्णचंद्र बिशी का स्वर्गवास हो गया है। वे विगत एक वर्ष से बीमार थे उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजिकजन एवं ग्राम वासी गण उपस्थित थे। ये जादव, सिताराम, चिंतामणि, तेजराम, अनंतराम बिशी के बड़े माता थी।

## विज्ञान दिवस : छात्रों को कॉलेज प्राचार्य ने दिए पढ़ाई करने के टिप्स

# वैज्ञानिक जागरूकता के साथ पढ़ाई करें किसी भी समस्या से हताश न हों: रश्मि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

विद्यार्थियों को खुद प्रयोग कर तथ्यों की जांच करना चाहिए। उन्हें विभिन्न सिद्धांतों के गुणधर्मों का बारीकी से अवलोकन करना चाहिए। कल्पना करना, अवलोकन करना, परीक्षण करना और फिर जो निष्कर्ष मिले उसे फिर से दोहराकर देखना चाहिए कि ठीक पहले जैसे रिजल्ट आ रहे हैं कि नहीं? विभिन्न घटनाओं के जांच का यही वैज्ञानिक तरीका है। हम विज्ञान आश्रम कसेकेरा को विद्यार्थियों में वैज्ञानिक जागरूकता लाने के लिए किए जा रहे अभियान की तारीफ करते हैं। यह उद्बोधन बागबाहरा स्थित शासकीय के एल आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ रश्मि मिंज द्वारा विज्ञान दिवस पखवाड़ा के अंतर्गत विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किया गया।

उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि वे किसी भी समस्या से कभी हताश न हों। प्रयास करने पर हर समस्या का हल निकलता है। समस्याओं के विमर्श के लिए इस महाविद्यालय के दरवाजे आपके लिए सदैव खुले हैं। आप यहां से पढ़कर निकलने के बाद भी सलाह लेने, इस महाविद्यालय के किसी भी शिक्षक शिक्षिका से मिल सकते हैं। हम सबको आपकी सहायता करके खुशी होगी। इस अवसर पर विश्वास मेश्राम छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष तथा विज्ञान आश्रम कसेकेरा के संचालक, पूर्व संयुक्त संचालक छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी निमोरा ने विद्यार्थियों को विभिन्न चमत्कारों का प्रदर्शन दिखाते हुए बताया कि इन सबके पीछे वैज्ञानिक कारण होते हैं। विभिन्न तत्वों और योगिकों के केमिकल रिएक्शन के कारण ऊष्मा उत्पन्न होती है जिससे बिना माचिस के आग लगाई जा सकती है। इसका फायदा चालाक ढोंगी लोगों द्वारा उठाया जाता है। कोई भी घटना बिना कारण के नहीं होती और किसी भी घटना का कोई परालौकिक कारण नहीं होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को डार्विन के विकासवाद से लेकर न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण सिद्धांत तक और आइंस्टीन के सापेक्षता सिद्धांत से लेकर भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान के बारे में बताते हुए उन्हें किसी भी घटना को तर्क और परीक्षण की कसौटी पर परख कर पहले जानने तब जाकर मानने के लिए कहा। महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने फीडबैक देते हुए विज्ञान दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम को बहुत उपयोगी बताया। बीएससी की एक छात्रा ने कहा कि वह पहली बार इस तरह का प्रयोग देख रही है और इन चमत्कृत कर देने वाले प्रयोगों के पीछे की रासायनिक अभिक्रिया को भी आज जाना है। ऐसे कार्यक्रम हर स्कूल कॉलेज में दिखाए और समझाए जाने चाहिए तभी हमारे मन से चमत्कारों का डर और अंध विश्वास खत्म होगा। विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा की टीम को अपने गांवों में आकर चमत्कारों के विज्ञान का खुलासा करने के लिए आमंत्रित किया। शासकीय के एल आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज बागबाहरा की प्राध्यापिका नितिशा बजाज और प्राध्यापक योगेन्द्र यादव, कोमल मेश्राम और प्यारेलाल सैनी ने इस व्याख्यान और प्रेजेंटेशन की व्यवस्था संभाली थी। कॉलेज के प्रोफेसर गजानंद बुडेक और अन्य प्राध्यापकों द्वारा कार्यक्रम की सफलता में अहम भूमिका निभाई गई। विज्ञान दिवस के इस कार्यक्रम में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भागीदारी की।




## विभिन्न वार्डों में लोगों के बीच पहुंचे नवनिर्वाचित अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू लगातार लोगों के बीच वार्डों में पहुंच रहे हैं। उन्होंने चुनाव जीतने के बाद विजय जुलूस नहीं निकालने की अपील कार्यकर्ताओं से की थी। जिससे अनेक वार्डों के कार्यकर्ताओं ने उन्हें अपने वार्डों में आने का आग्रह किया। कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए श्री साहू नगर के सभी वार्डों में पहुंच रहे हैं।

साहू इस दौरान वार्डों की समस्याओं से भी अवगत हो रहे हैं। 1 मार्च को पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू नगर के वार्ड क्रमांक 21, 24, 25 तथा वार्ड 30 में लोगों के बीच पहुंचे। नपाध्यक्ष साहू ने वार्डों में पैदल भ्रमण कर वार्ड की जरूरतों व समस्याओं को जाना। अनेक वार्डों में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट की समस्याएं सामने आई। जिस पर श्री साहू ने कहा कि इस बार शहर के किसी भी वार्ड में जल संकट की स्थिति निर्मित नहीं होने दिया जाएगा। लोगों को पर्याप्त पानी मिले इस पर विशेष ध्यान देकर कार्य होगा।

वार्डवासियों ने बताया कि पालिका चुनाव के बाद से सभी वार्डों में नालियों की नियमित सफाई हो रही है। पहले सप्ताह-पंद्रह दिन में कभी कभार ही सफाई कर्मी आते थे। लेकिन, वर्तमान में हर दो दिन के भीतर वार्ड के नालियों की सफाई हो रही है। सभी वार्डों में सैकड़ों की संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## मरार समाज के वार्षिक सम्मेलन में पुस्तक विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



भोयरा मरार पटेल समाज द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन पुरातत्व नगरी के श्रीराधाकृष्ण मंदिर सामाजिक भवन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माता शाकंभरी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर किया गया। मरार समाज द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन में मरार समाज सिरपुर महासमिति के समस्त परिक्षेत्र के सामाजिक जनों ने अपनी पूर्ण भागीदारी दी। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाज नियमावली पत्र का विमोचन किया गया। आयोजन में मरार समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया साथ ही समाज के राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश कर जीत हासिल करने वाले जनप्रतिनिधियों जिन्होंने सरपंच पंच जनपद सदस्य साथ ही अन्य राजनीतिक क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वाले सामाजिकजनों का भी तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उक्त आयोजन में सिरपुर महासमिति के करीबन सैंकड़ों गांव के मरार समाज के समाजिकजन सम्मिलित हुए। मरार समाज निरंतर सभी क्षेत्रों में अब अपना परचम लहराने लगा है जिन्हें मरार समाज के द्वारा प्रति वर्ष प्रोत्साहित किया जाता रहा है जिसके फलस्वरूप अब मरार समाज प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा है। पुरातत्व नगरी सिरपुर में मरार समाज द्वारा प्रतिवर्ष निरंतर वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया जाता है जिस दौरान प्रतिभावान विद्यार्थियों और विभिन्न क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वालों का सम्मान कर उनका उत्साह वर्धन किया जाता है। मरार समाज निरंतर खेती बाड़ी व सब्जी उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। उक्त वार्षिक कार्यक्रम में मरार समाज के समस्त पदाधिकारी व सैंकड़ों समाजिकजन उपस्थित रहे।

# नवनिर्वाचित सरपंचों ने की विधायक से मुलाकात, विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग गांव के नवनिर्वाचित सरपंचों ने रविवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा से मुलाकात की। सरपंचों ने विधायक का सम्मान किया। वहीं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने सभी निर्वाचित सरपंचों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान सरपंचों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा भी की। गांव से जुड़े विषय एवं विकास कार्यों के संबंध में चर्चा हुई।

विधायक श्री सिन्हा ने सभी सरपंचों को गांवों के विकास कार्य के हर संभव सहयोग का वादा किया है। विधायक ने कहा कि हमारी पहचान गांवों से ही होती है इसलिए गांव में विकास की गति कम नहीं होनी चाहिए। सरपंचों से कहा कि आप सभी के पास 5 साल का पूरा कार्यकाल है गांव के विकास कार्यों में लग जाए। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेतागण शम्मी सलूजा, ललिता अग्रवाल सहित पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। वहीं नवनिर्वाचित सरपंचों में ग्राम पंचायत पथर्री सरपंच पिंटू दीवान, सिंघनपुर की सरपंच झालबाई राय, कछारडीह सरपंच दिनेश्वर साहू, ढांक सरपंच हेमीन देवा नायक, गोड़पाली सरपंच रितु गेंदराम दीवान और डुमरपाली सरपंच यमुना ठाकुर शामिल रही।

### न्यायालय तहसीलदार कोमाखान जिला महासमुन्द (छ.ग.)

रा.प्र.क. 202501123100029/ब-121/ वर्ष 2024-25 ग्रामः- उखरा, प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. कोमाखान तहसील कोमाखान, जिला महासमुन्द (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका कुमारीबाई पति हरिशंकर जाति महारा निवासी उखरा प.ह.न. 21 रा.नि.मं कोमाखान तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र, शपथ पत्र, कार्यालय जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) महासमुन्द, जिला महासमुन्द (छ.ग.) द्वारा जारी अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, बैंक चालान की प्रति, एवं अपना आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि, उनके पिता श्री कृपाराम पिता रुरूहा का मृत्यु दिनांक 08.12.1991 को ग्राम उखरा में हुई है, किन्तु आवेदिका की अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी न होने के कारण आवेदिका के पिताजी का मृत्यु प्रमाण पत्र रजिस्ट्रार ग्राम पंचायत उखरा अथवा ग्राम कोटवार के द्वारा नहीं बनाया गया है। मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं होने के कारण आवेदिका को शासकीय योजनाओं का लाम नही मिल पा रहा है। अतः आवेदिका के द्वारा अपने पिताजी श्री कृपाराम का मृत्यु दिनांक 08.12. 1991 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है, जिसमें आगामी पेशी दिनाँक 27.01.1991 को नियत है। अतः उक्त संबंध में जिस व्यक्ति संस्था अथवा बैंक को दावा/आपत्ति हो, नियत तिथी तक स्वयं अथवा अपने द्वारा नियुक्त प्रतिनिधी/अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनाँक 10.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील-मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर | तहसीलदार कोमाखान

# आंगनबाड़ी केंद्रों में टीएचआर वितरण में आ रही समस्या को लेकर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता- सहायिका संयुक्त मंच छत्तीसगढ़ की बैठक 1 मार्च को रायपुर में हुई। बैठक की अध्यक्षता सरिता पाठक ने की। बैठक में संयुक्त मंच की ओर से रीता पाठक, रुक्मिणी सज्जन, हेमा भारती, सुधा रात्रे, कल्पना चंद, पार्वती यादव, सुलेखा शर्मा, पिंकी ठाकुर, देवेंद्र पटेल, विश्वजीत हारोडे, कॉमरेड सौरा यादव एवं अन्य प्रमुख साथियों ने भाग लिया।

बैठक के उपरांत सरिता पाठक ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में दिनचर्या की व्यवहारिक समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। टीएचआर वितरण के विभागीय वर्तमान व्यवस्था के अनुसार नया वर्जन के अनुसार किया जाना है। हितग्राही का आधार लेना है, मोबाईल से ओटीपी लेना है, ओटीपी लोड करने के बाद ही टीएचआर प्रदान किया जाना है, इसमें कई व्यवहारिक समस्या आ रही है। इस ओर शासन-प्रशासन का ध्यानाकर्षण संयुक्त मंच के माध्यम से करते हुए आ रहे हैं लेकिन इस समस्या का निराकरण शासन प्रशासन अब तक नहीं किया है।

उक्त व्यवस्था के अनुसार हर माह एक ही आदमी टीएचआर लेने आ सकता है। घर का दूसरा सदस्य कोई सदस्य नहीं आ सकता है, कई सारे हितग्राही ओटीपी बताने से मना करते है। इससे हितग्राही कम होंगे, कुछ ऐसे भी हितग्राही है,जिनके पास या तो मोबाईल नहीं होता या फिर उनके घर में एक ही मोबाईल होता है, जिसे उनके पति या बच्चे ले जाते है.ऐसी स्थिति में टीएचआर वितरण प्रभावित हो रहा है।



कई स्थानों में सर्वर/नेट समस्या बनी रहती है, मोबाईल ठीक से नहीं चलता जिसके कारण भी टीएचआर वितरण प्रभावित हो रहा है,जिन कार्यकर्ताओं को जो मोबाईल प्रदान किया गया है,उसमे यह कार्यसंभव नही हो पा रहा है, इसके लिए 5 जीबी मोबाइल/या टैबलेट की व्यवस्था किया जाना चाहिए, अभी भी कई सारे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मोबाईल प्राप्त नहीं हुआ है,खासकर आदिवासी वनांचल कुछ क्षेत्र में विशेष जन जाति पहाड़ी कोरवाओं के पास मोबाईल ही उपलब्ध नहीं है, इन्हें कोई ट्रेंनिग भी नहीं दी गई है, नेट की भारी समस्या है,जिससे मोबाईल योजना से विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधा प्रभावित हो रही है।

पोषण ट्रेकर पर एफआरएस फोटो कैप्चर से पोषाहार वितरण में भी कई परेशानी आ रही है। मैदानी क्षेत्र में यह संभव नहीं है इसलिए इसका वितरण कार्य पूर्व की भांति ऑफलाइन कराई जाना चाहिए। रिचार्ज प्रति माह 500 स्वीकृत किया जाना चाहिए। इन समस्याओं के कारण यदि टीएचआर /पोषण ट्रेकर का वितरण सही समय और सही मात्रा में नहीं हो पाने के कारण ऑनलाइन मानदेय कटौती की बात संघ के संज्ञान में आ रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि हम अल्प मानसेवी है और उससे ही घर परिवार चलाते है उसमें भी आए दिन छोटी-छोटी बात पर मानदेय काटा जाता है, न्यायसंगत नहीं है।

## स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर पालिका कार्यपालन अभियंता ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्वच्छ सर्वेक्षण-2025 के संबंध में गुरुवार को नगर पालिका के कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा ने बैठक ली और कार्यो की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शर्मा ने स्वच्छ सर्वेक्षण से जुड़े हुए सभी बिन्दुओं पर बारीकी से चर्चा की जहां कहीं कमी पाई गई वहां कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होने कहा कि गीले व सूखे कचरे का पृथक्करण आवश्यक है। नागरिकों से गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करके ही सफाई मित्रों को देने को कहे, निर्माणाधीन भवनों पर ग्रीन नेट का उपयोग नहीं करने वाले, निर्माण सामग्री सडक पर फैलाने वाले ऐसे भवन निर्माणकर्ता पर चालान किया जाए। निचले बस्तियों में सफाई करवाई जाए। श्री शर्मा ने सार्वजनिक, ट्रांसपोर्ट हब, टूरिस्ट, धार्मिक और कमर्शियल स्थानों पर डस्टबिन की व्यवस्था, सिटी प्रोफाइल एरिया से सीएनडी वेस्ट हटाए जाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई करने तथा टूटे हुये डस्टबिन को ठीक करने या नये लगाने, पार्कों में ग्रीनरी लगाने तथा पार्कों के रख-रखाव के संबंध में भी संबंधित प्रभारी को निर्देश दिए साथ ही सिटीजन फीडबैक के लिए भी जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है उन सभी कर्मचारियों को स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में सर्वश्रेष्ठ रैंक लाने के लिये मोटिवेट किया जाए।



इस अवसर पर उप अभियंता दिलीप कश्यप, स्वच्छता प्रभारी दिलीप चंद्राकर, जल प्रभारी सीताराम तेलक, वाहन प्रभारी सुरेश तिवारी, नरेश ध्रुव, स्वच्छ भारत मिशन के नीतू प्रधान, नौशाद बक्श आदि मौजूद रहे।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतों की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र महासमुंद जिला के अंतर्गत पिथौरा में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
9098324969
हरिभूमि कार्यालय, महासमुंद
प्रीतम प्राईडे काम्प्लेक्स
बस स्टैण्ड के पास, मेन रोड
महासमुंद मो. 9981131365

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 30 अप्रैल, 03 मई, 8 मई, 11 मई, 14 मई,19 मई, 22 मई, 25 मई, 30 मई, 02 जून, 05 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते हैं।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport